प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 21.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मानसून सत्र को बताया राष्ट्र के लिए गौरवपूर्ण विजयोत्सव, सभी दलों से की एकता की अपील।
- सावन की दूसरी सोमवारी पर राजधानी रांची समेत राज्य के सभी शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, कोडरमा में पहली बार निकली भव्य जलयात्रा।
- सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया सीएचसी में दिव्यांग वृद्ध की संदिग्ध मौत से बढ़ा जनाक्रोश, सिविल सर्जन ने कार्रवाई का दिया आश्वासन।
- मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में वज्रपात और बारिश का जताया अनुमान, लोगों से सतर्क रहने की अपील की।
- कोनेरू हम्पी ने फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह मॉनसून सत्र जीत का एक उत्सव है। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा निर्धारित लक्ष्य शत–प्रतिशत हासिल किया गया है और पूरा विश्व भारत की सैन्य शक्ति का साक्षी बना है। प्रधानमंत्री ने संसद के मॉनसून सत्र की शुरूआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत निर्मित सैन्य शक्ति के नए रूप ने विश्व को आकर्षित किया है।

श्री मोदी ने सभी दलों के सांसदों से आज से शुरू हो रहे मॉनसून सत्र की सुचारू कार्यवाही में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के हितों की पूर्ति हो या न हो, लेकिन राष्ट्रीय हितों की पूर्ति एकसाथ मिलकर होनी चाहिए।

******************

सावन की दूसरी सोमवारी पर रांची के पहाड़ी मंदिर समेत सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त कल रात से ही स्वर्णरेखा नदी से जल लेकर भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। सुरेश्वर धाम, कोकर, लालपुर, डोरंडा, हिनू सहित अन्य मंदिरों में भी सुबह से ही आस्था का सैलाब देखने को मिला। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल और संगठनों के कार्यकर्ता व्यवस्था संभालते नजर आए।

******************

दुमका के बाबा बासुकीनाथ धाम में सावन की दूसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। रात तीन बजे सरकारी पूजा के बाद कांवरियों ने अनुशासित ढंग से अरघा से जल अर्पण शुरू किया। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया कि मेला क्षेत्र और कांवरिया पथ को फूलों और शेड से सजाया गया है तथा 700 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

******************

सावन की दूसरी सोमवारी पर खूंटी के मिनी बाबाधाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु कल देर रात दो बजे से ही बनई नदी में स्नान कर जल उठाव के लिए कतारबद्ध हो गए और बोल बम का जयकारा लगाते हुए आम्रेश्वरधाम पहुंचे। बाबाधाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य और पुलिस सहायता केंद्र की समुचित व्यवस्था की गई है।

******************

सावन की दूसरी सोमवारी पर कोडरमा के चंदवारा प्रखंड में पहली बार भव्य जलयात्रा का आयोजन हुआ। गोरी नदी से पवित्र जल भरकर हजारों शिव भक्त करीब 10 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए गाजे–बाजे के साथ दो मुहानी धाम पहुंचे। पहली जलयात्रा को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया।

******************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


******************

सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया सीएचसी में एक दिव्यांग वृद्ध की संदिग्ध मौत के बाद स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही को लेकर जनाक्रोश बढ़ गया है। ग्रामीणों और पूर्व पार्षदों ने आरोप लगाया कि समय पर इलाज न मिलने से वृद्ध की जान गई। सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने बताया कि जांच टीम का गठन कर दिया गया है और रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

******************

हमारा गांव – हमारे लोग अभियान के तहत बोकारो जिले के वरीय पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 91 हजार 4 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 18 हजार रूपये है।

******************

मौसम विभाग ने आज रांची, हजारीबाग, रामगढ़, गुमला और खूंटी में वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जताई है। साथ ही कल भी राज्य के अधिकांश भागों में बादल छाए रहने और कहीं–कहीं हल्की बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने दोनों दिन लोगों से वज्रपात से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

******************

शतरंज में कोनेरू हम्पी ने फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में पहुँच कर इतिहास रचा है। आज क्वार्टर फाइनल में दिव्या देशमुख और हरिका द्रोणावल्ली का मुकाबला होगा। मैच भारतीय समय के अनुसार शाम चार बजकर 35 मिनट पर शुरू होगा।

******************